

# निमाड़ क्लब बनेगा खंडवा का आधुनिक स्पोर्ट्स एवं रिक्रिएशन हब

**पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगी अत्याधुनिक खेल, फिटनेस और सामुदायिक सुविधाएं**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** खंडवा शहर को शीघ्र ही एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स एवं रिक्रिएशन सेंटर की सौगात मिलने जा रही है। वर्षों पुराने निमाड़ क्लब परिसर का कायाकल्प कर इसे खेल, फिटनेस, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत निविदा प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। निमाड़ क्लब समिति, जिसके अध्यक्ष कलेक्टर खंडवा, उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक तथा सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं, द्वारा क्लब परिसर में जिम, कैफे, क्रिकेट टर्फ, पिकलबॉल कोर्ट और बैंक्वेट हॉल जैसी आधुनिक सुविधाओं के संचालन एवं रखरखाव के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। 10 जून को पात्र निविदाकारों ने अपने प्रस्तुतीकरण में संचालन की कार्ययोजना, खेल गतिविधियों के विस्तार तथा नागरिकों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। इसके बाद 11 जून को कलेक्टर और समिति सदस्यों की उपस्थिति में वित्तीय निविदाएं खोली गईं, जिसमें उत्साह एरीना का चयन किया गया।

उल्लेखनीय है कि उत्साह एरीना के प्रमुख भागीदार मयंक केशरे पूर्व से प्रीमियम फिटनेस




जिम का सफल संचालन कर रहे हैं, जबकि गौरव सिंह बिसेन को चौपाल कैफे के संचालन का अनुभव है। खेल और आतिथ्य क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ निमाड़ क्लब के विकास और बेहतर प्रबंधन में मिलेगा। समिति का उद्देश्य केवल क्लब संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और नागरिकों तथा शासकीय कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विशेष रूप से तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों सहित सभी शासकीय सेवकों को बेहतर खेल एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद खंडवा के नागरिकों को पहली बार एक ही परिसर में आधुनिक जिम, उच्च गुणवत्ता वाला क्रिकेट टर्फ, तेजी से लोकप्रिय हो रहे पिकलबॉल कोर्ट, कैफे और बैंक्वेट हॉल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। यह परिसर युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और परिवारों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा।

स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण खेल अधोसंरचना उपलब्ध होने से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। साथ ही, सामाजिक सहभागिता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन का मानना है कि निमाड़ क्लब का यह नवाचारपूर्ण मॉडल आने वाले वर्षों में खंडवा की नई पहचान बनेगा और जिले में खेल एवं सामुदायिक गतिविधियों के विकास को नई दिशा देगा।

# सांसद-विधायक ने किया हितग्राहियों से संवाद



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत पुनासा में जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और मांधाता विधायक नारायण पटेल ने शामिल होकर विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा हितग्राहियों से संवाद किया। भाजपा प्रवक्ता सुनील जैन ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों का पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ हितग्राहियों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। वहीं विधायक नारायण पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में अनेक जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को लाभ मिला है।

**एक नजर में**

## पेट्रोल पंप व्यवसायी राजेन्द्र भंडारी का निधन

**खंडवा।** भंडारी पब्लिक स्कूल के चेयरमेन राजेंद्र भंडारी का आज इंदौर में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उन्हें पिछले दिनों हृदय सम्बन्धी शिकायत के चलते इंदौर के केयर हॉस्पिटल में पिछले दिनों भर्ती किया गया था। तीन दिन पूर्व उनकी सरल बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी लेकिन ऑपरेशन के बाद अचानक कुछ कॉम्प्लिकेशन बड़े जिससे उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता चला गया। तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और आज शाम उन्होंने हॉस्पिटल में अंतिम साँस ली। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि श्री भण्डारी के आकस्मिक निधन की खबर से लोग स्तब्ध रह गए। खासतौर पर शिक्षा एवं व्यापारजगत में शोक व्याप्त हो गया। श्री राजेंद्र भंडारी लम्बे समय तक पेट्रोल पम्प व्यवसाय से सम्बद्ध थे बाद में उनके पुत्र नीरज भंडारी ने शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा और भंडारी पब्लिक स्कूल की स्थापना की। धार्मिक प्रवर्ति के श्री भंडारी गोसेवा के लिए समर्पित थे वे स्कूल परिसर में ही निर्मित गोशाला में अपना अधिकांश समय व्यतीत करते और गोमाता की सेवा करते। मितभाषी श्री भंडारी धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी सतत सक्रिय रहे। श्री नीरज भंडारी ने बताया कि उनकी बहन निशा जी विदेश में है जहाँ से वो परसों आ पाएंगी इसलिए राजेन्द्र जी का अंतिम संस्कार शनिवार 13 जून को खण्डवा में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा सांय साड़े चार बजे इंदौर रोड़ स्थित निवास ने निकलेगी।



## पंधाना में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पंधाना में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। जनपद पंचायत एवं नगर परिषद पंधाना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का उद्घाटन पंधाना विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे ने सरस्वती पूजन के साथ किया। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर में राजस्व, चिकित्सा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, नगर परिषद तथा जनपद पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।जनपद पंचायत पंधाना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि शिविर में विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर के पहले दिन जनपद पंचायत से संबंधित 42 तथा नगर परिषद पंधाना से संबंधित 36 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं राजस्व विभाग के लिए 120 आवेदन दर्ज किए गए। इस प्रकार विभिन्न विभागों के लिए कुल 198 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय मिश्रा, तहसीलदार दिवाकर सुल्या, जनपद पंचायत के सीईओ शुभम निनामा, परियोजना अधिकारी रूपसिंह सिसोदिया, कृषि अधिकारी दिनेश निगवाले, रविंद्र गोले, डॉ. कड़वा चौहान, गजानन वाघमारे, मनोज गंगराड़े, अंकित बड़ोले सहित जनपद एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय शिविर के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को पंजीयन और लाभ वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** खंडवा डायोसिसन सोशल सर्विसेज द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर अपने विभिन्न परियोजना क्षेत्रों के चयनित ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर बाल श्रम उन्मूलन एवं बाल अधिकारों के प्रति समुदाय को जागरूक किया गया। संस्था के निदेशक फा. रॉबिनसन ने जानकारी देते हुए बताया कि केडीएसएस द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है ताकि समाज में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाई जा सके तथा बच्चों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि संस्था बाल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है और संबंधित विभागों, समुदाय आधारित संगठनों एवं अन्य हितधारकों के सहयोग से बाल श्रम के विरुद्ध सशक्त अभियान चला रही है।इस वर्ष विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की थीम बाल मज़दूरी को रेड कार्ड बच्चों के लिए निष्पक्ष खेल, वयस्कों के लिए सम्मानजनक काम पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान संस्था की टीम ने बच्चों, अभिभावकों एवं समुदाय के सदस्यों को बाल श्रम के दुष्परिणामों, बच्चों के शिक्षा एवं संरक्षण के अधिकारों तथा बाल श्रम रोकने में समुदाय की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है और यह समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। बच्चों को खेलने, सीखने और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। बाल सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बच्चों के साथ खेल आधारित एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से उन्हें अपने अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। समुदाय को यह भी बताया गया कि यदि किसी बच्चे से श्रम कराया जा रहा हो या किसी प्रकार का शोषण किया जा रहा हो, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों, ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति, जिला बाल कल्याण समिति अथवा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर दी जा सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों, समुदाय आधारित संगठनों के सदस्यों, ग्राम स्तरीय नेतृत्वकर्ताओं, बच्चों, अभिभावकों एवं के स्टाफ सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। इन कार्यक्रमों में 1,000 से अधिक बच्चों एवं समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। संस्था ने सभी नागरिकों से बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने तथा प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं शिक्षा से युक्त बचपन उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

## संचालक डॉ वरनाली डेका ने ग्राम मोहना में विकास कार्यों का जायजा लिया

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग की संचालक डॉ. वरनाली डेका ने शुक्रवार को जिले के पुनासा विकासखण्ड की मोहना पंचायत के आदि आदर्श गांव योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आदि आदर्श गांव योजना अंतर्गत मोहना ग्राम पंचायत में आंगनवाड़ी भवन, प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वाल, अतिरिक्ष कक्ष स्वीकृत किए गए हैं। संचालक डॉ. डेका ने इस दौरान गांव में आदि आदर्श गांव योजना के तहत चयनित कार्यों की उपयोगिता तथा गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर पर गांव के सरपंच, उपयंत्री, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के सम्बंध में पूछताछ की। उन्होंने आदि सेवा केंद्र का भी निरीक्षण किया, तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। संचालक डॉ. डेका ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत गांव में स्वीकृत कार्यों की भी जानकारी ली। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग के परियोजना प्रशासक श्री नीरज पाराशर तथा क्षेत्र संयोजक श्री प्रमोद काशीकार भी उपस्थित थे।

## परमा एकादशी पर विधायक कंचन तनवे ने की गोवर्धन परिक्रमा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** परमा एकादशी के पावन अवसर पर खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने परिवार सहित उत्तर प्रदेश के वृंदावन एवं गोवर्धन धाम पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने अवधूत संत श्री दादागुरु जी एवं महामंडलेश्वर परम पूज्य सत्यप्रिया गिरि दीदी के सान्निध्य में नंगे पैर गोवर्धन परिक्रमा कर भगवान श्रीकृष्ण से देशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सनातन धर्म में परमा एकादशी को अत्यंत पुण्यदायी एवं मोक्षदायिनी माना



जाता है। इसी अवसर पर विधायक श्रीमती तनवे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए विशेष प्रार्थना की। विधायक श्रीमती तनवे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर ओंकारेश्वर में तैयारियों का जायजा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आगामी 18 एवं 19 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित ओंकारेश्वर दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने पुलिस महानिरीक्षक अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के साथ ओंकारेश्वर पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, पुनासा



एसडीएम पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल एवं हेलिपैड का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग को हेलिपैड एवं कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग के निर्देश दिए गए, वहीं नगर परिषद को पेयजल, साफ-सफाई और सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। उन्होंने कार्यक्रम में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के लिए फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करने तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है।

## छैगांवमाखन के जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**खण्डवा ।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जनपद पंचायत छैगांवमाखन के प्रांगण में विशाल जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह सावनेर ने किया। जनपद पंचायत छैगांवमाखन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पंकज डाले एवं तहसीलदार छैगांवमाखन सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों की शिकायतों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर के पहले दिन सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सम्बंधी 17 आवेदन, जन्म प्रमाण पत्र संबंधी 3 आवेदन तथा अन्य विभागों से संबंधित 8 आवेदन प्राप्त हुए। जनपद के सीईओ श्री डाले ने ग्रामीणों से अपील की कि आगामी 14 जून तक जनपद पंचायत छैगांवमाखन के प्रांगण में आयोजित इस शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लें ।

# नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**खंडवा।** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मुस्कान अभियान के तहत खालवा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 जून 2026 को एक फरियादी ने थाना खालवा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्ष 9 माह की पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। फरियादी ने आशंका व्यक्त की थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के



आधार पर थाना खालवा में अपराध क्रमांक 201/2026 के तहत धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण दर्ज होने के बाद थाना खालवा पुलिस ने बालिका की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश की गई तथा आवश्यक सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप 11 जून 2026 को नाबालिग बालिका को विधिवत सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंधिया, सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) मोहन जमरे एवं थाना खालवा पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत जिले में लापता बच्चों

**मनमानी** नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# किल्लौद में बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस का ज्ञापन

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं किसान प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को किल्लौद तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किल्लौद ब्लॉक क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित अनियमितताओं, अवैध वसूली, किसानों के आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न तथा विभागीय लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया गया कि ग्राम गंभीर निवासी किसान राजू पर विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा ड़90 हजार जमा करने का दबाव बनाया गया तथा बिना रसीद ड़50 हजार नकद राशि लेने का मामला सामने आया है। किसान द्वारा रसीद मांगने पर अतिरिक्त राशि की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिना उचित सूचना के की गई कार्रवाई से किसान मानसिक रूप से परेशान हुआ और उसने आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मरों को समय पर नहीं बदला जाता, जिससे किसानों को निजी खर्च पर ट्रांसफार्मर लाने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

वहीं मेंटेनेंस के नाम पर लगातार अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन एवं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में झूलते बिजली तारों और असुरक्षित ट्रांसफार्मरों से जनहानि




की आशंका जताते हुए तत्काल सुधार कार्य कराने की मांग की। इसके अलावा ग्राम मालूद के एक किसान के बिजली बिल एवं मीटर रिकॉर्ड में कथित अनियमितताओं की तकनीकी जांच कर सही बिल जारी करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में मांग की गई कि किसान राजू के मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कानूनी तथा विभागीय कार्रवाई की जाए, किसानों पर ट्रांसफार्मर बदलने का आर्थिक बोझ न डाला जाए तथा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए।